विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा को लेकर किया मंथन

■ यूटीयू में साइबर सिक्योरिटी विषय पर गोलमेज सम्मेलन आयोजित की

■ बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त की

■सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) और सीएमएआई के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सिक्योरिटी विषय पर राउंड टेबल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

बुधवार को विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कांफ्रेंस में विवि के कुलसचिव आरपी गुप्ता ने सभी डेलीगेट्स का स्वागत किया। कांफ्रेंस का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में लेफ्टिनेट जनरल डा.राजेश पंत नेशनल साइबर सिक्योरिटी कोर्डिनेटर एवं यूटीयू के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने संयुक्त रुप से किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल डा. राजेश पंत ने अपने प्रजेन्टेशन के माध्यम से वर्तमान वैश्विक परिदृश्य विशेषकर भारत के दृष्टिकोण से साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में कार्य करने व इसके महत्व का समझाया।

उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिदिन साइबर अपराध से संबंधित लगभग साढ़े तीन हजार केस पंजीकृत किए जा रहे है, जो कि अत्यंत गंभीर एवं चिंता का विषय है। तकनीकी जगत एवं इससे जुड़े हुए लोगों को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने साइबर सिक्योरिटी की नवीनतम तकनीकी के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण, निर्धारण व परिशोधन किए जाने की आवश्यकता पर जोर देने की बात कही, जिससे भविष्य में साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में देश के लिए दक्ष व कुशल मानव संसाधन तैयार हो सके।

उन्होंने इंडस्ट्री प्रतिनिधियों से इस विधा में शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए सभी का आह्वान किया ताकि उत्तराखंड में साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्तर से दक्ष साइबर योद्धा तैयार किए जा सके।

इस अवसर पर वाईस चेयरमैन डा.अरविंद, सुब्रमण्यम गोर्ती, याकिर दाहारी, रघुवीर, प्रमोद कुमार, मनिन्द्र अग्रवाल, . अवधेश कुमार, हरिराम सुब्रहमण्यम, डा.विशाल कुमार, श्रीमंत आचार्य, अंकुर कुमार आदि मौजूद थे।